उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 233 दिनांक/Date : 22.12.2023

संवाद

आयोग के विज्ञापन संख्या 49/उ0अ0से0च0आ0/2023 दिनांक– 13 अक्टूबर, 2023 में विज्ञापित **स्नातक स्तरीय अर्हता के पदों** की लिखित प्रतियोगी परीक्षा **दिनांक–31 दिसम्बर, 2023** को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक राज्य के सभी जनपदों में आयोजित की जा रही है।

लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक–25.12.2023 से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित किये जायेंगे। सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे दिये गये निर्देशों के अनुरूप अनिवार्य रूप से परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे।

उक्त के अतिरिक्त आयोग के विज्ञापन संख्या–50/उ0अ0से0च0आ0/2023 दिनांक–05.12.2023 में **विज्ञापित परिवहन आयुक्त संगठन के परिवहन आरक्षी, कार्यालय आबकारी आयुक्त के आबकारी सिपाही एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त आबकारी निरीक्षक** के रिक्त पदों हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है। आयोग द्वारा उक्त पदों की शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक–11.01.2024 से प्रस्तावित की गई है। अभ्यर्थियों को उनकी शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा के परीक्षण स्थल एवं तिथि की जानकारी पृथक से आयोग की वेबसाइट पर दी जायेगी। अभ्यर्थी शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा के पूर्व विज्ञापन में निर्धारित किये गये मापदण्डो, अर्हताओं एवं छूट से संबंधित प्रावधानों का भली–भांति अध्ययन कर आवश्यक प्रमाण–पत्रों आदि की व्यवस्था परीक्षा के पूर्व में ही कर कर लें।

-Sd-
सुरेन्द्र सिंह रावत
सचिव

Scanned with OKEN Scanner